Published Date:	August 05th, 2023	Publication:	Dainik Vishwamitra
Edition:	Murshidabad	Page No:	4
Headline: L&T Finance Holdings Ltd launches Digital Sakhi project in Murshidabad, West Bengal			

एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड की मुर्शिदाबाद में डिजिटल सखी परियोजना

कोलकाता, 4 अगस्त (नि.प्र.)। लीडिंग नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के बहरामपुर शहर में अपनी डिजिटल सखी परियोजना शुरू करने की घोषणा की है। 'डिजिटल सखी' - ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित और उन्हें सफलता पाने में मदद करती है, जो बदले में अपनी कम्युनिटी में महिला उद्यमिता और डिजिटल वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देती हैं। मुर्शिदाबाद में परियोजना की शुरुआत 28 जून, 2023 को मदुराई, तमिलनाडु में डिजिटल सखी परियोजना के हालिया लॉन्च के बाद हुआ है। विशेष रूप से, 2017 में अपनी शुरुआत के बाद से, डिजिटल सखी परियोजनाओं ने 1,370 डिजिटल सखियों का एक समूह बनाया है, जिन्होंने 11,000 से अधिक महिला उद्यमियों को अपनी कौशल बढ़ाने में मदद की है। अकेले वित्त वर्ष 2022-23 में, डिजिटल सखियों ने डिजिटल वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से 4 राज्यों में 11 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया और सशक्त बनाया। एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, दीनानाथ दुभाशी ने कहा कि हमारे कई रिटेल बिजनेस सीधे ग्रामीण समुदायों के साथ जुड़ते हैं, जिससे हमें ग्राहकों की जरूरतों के बारे में एक व्यापक जानकारी मिलती है या कह सकते हैं उनकी जरूरतों का एक व्यापक दृष्टिकोण मिलता है।